# उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड

*(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम)*

14–अशोक मार्ग, शक्ति भवन, लखनऊ

CIN: U32201UP1999SGC024928

संख्या–675–अरा–09(ब)/पाकालि/ 2019–20–एनजी–09ब/12     दिनांक :22 अगस्त, 2019

प्रबन्ध निदेशक,
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
पोस्ट–डी0एल0डब्ल्यू0, भिखारीपुर
वाराणसी।

प्रबन्ध निदेशक,
मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
4–ए गोखले मार्ग, लखनऊ।

प्रबन्ध निदेशक,
पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
विक्टोरिया पार्क, मेरठ।

प्रबन्ध निदेशक,
दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0
220 के0वी0 सबस्टेशन, बाइपास रोड,
आगरा।

प्रबन्ध निदेशक (केस्को)
कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी लि0,
केसा हाउस, 14/71, सिविल लाइन्स,
कानपुर।

**विषयः–"तकनीशियन" से लिपिकीय कार्य न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

यह संज्ञान में लाया गया है कि विभिन्न कार्यालयों में अधिष्ठान एवं राजस्व से सम्बन्धित कार्यों को "तकनीशियन" के माध्यम से सम्पादित कराया जा रहा है, जबकि इन कार्मिकों के मूल कर्तव्य एवं दायित्व उपकेन्द्रों का परिचालन, लाइनों का अनुरक्षण एवं मीटर आदि की टेस्टिंग किया जाना निर्धारित है। इस प्रकार के कार्य आवंटन से जहाँ एक तरफ उपकेन्द्रों के परिचालन, लाइनों के अनुरक्षण एवं अन्य तकनीकी कार्य प्रभावित होते हैं, वहीं दूसरी तरफ लिपिकीय कार्यों हेतु चयनित "कार्यकारी सहायक" अपने मूल कर्तव्यों एवं दायित्वों से वंचित हैं। किसी भी कार्मिक से उसके मूल कर्तव्यों एवं दायित्वों के अनुरूप कार्य न लेना अनुचित एवं नियमों के विरूद्ध भी है।

अतः कारपोरेशन कार्यहित में यह निदेशित किया जाता है कि ऐसे समस्त "तकनीशियन", जो लिपिकीय कार्य में लगाये गये हैं उनकी तैनाती तकनीकी कार्यों हेतु सुनिश्चित की जाये एवं नवचयनित "कार्यकारी सहायकों" को लिपिकीय कार्य आवंटित किया जाये।

**(अपर्णा यू)**
प्रबन्ध निदेशक

**पत्रांकः–675–अरा–09(ब)/पाकालि/2019 तद्दिनांक**

**प्रतिलिपि निम्निलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. निजी सचिव सम्बद्ध अध्यक्ष, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. निजी सचिव सम्बद्ध प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. निजी सचिव सम्बद्ध निदेशक(का0 प्र0 एवं प्रशा0) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन, शक्ति भवन, लखनऊ।
4. अधिशासी अभियन्ता(वेब), शक्ति भवन लखनऊ को उ0प्र0पा0का0लि0 की वेबसाईट www.uppcl.org पर "orders" एवं "Right to information" शीर्षक के अन्तर्गत अपलोड करने हेतु।

आज्ञा से,

**(राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव)**
संयुक्त सचिव (अराजपत्रित)